CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

हाईवे चैनल

वर्ष- 28 अंक- 19 रायपुर, मंगलवार 11 फरवरी 2025 पृष्ठ-8 मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • बिलासपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

# शहरी क्षेत्रों में धीमा मतदान, कस्बाई में अच्छी रफ्तार

## रायगढ़, दुर्ग और कोरबा में हंगामा, कहीं पैसे बांटने का आरोप, तो कहीं मशीन खराब





कोरबा में हंगामा

**रायपुर/जगदलपुर,** 11 फरवरी (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ में आज नगरीय निकाय चुनाव के तहत आज 10 नगर निगम, 49 नगर पलिका परिषद और 114 नगर पंचायतों के लिए मतदान हो रहा है। राज्य में कुल 192 नगरीय निकाय हैं. इनमें से 19 निकाय पर चुनाव नहीं हो रहे हैं, क्योंकि यहां अगले साल यानी 2026 को चुनाव होंगे. इनमें से 4 नगर निगम, 5 नगरपालिका परिषद और 10 नगर पंचायत हैं. जहां मतदान डाले गए हैं वहां का परिणाम 15 फरवरी को आएगा। दोपहर 2 बजे तक यहां 40 प्रतिशत वोट डाले जा चुके थे। कुल 173 निकाय चुनावों के लिए मतदान हो रहे हैं इसमें शहरी क्षेत्रों की अपेक्षा कस्बाई और ग्रामीण क्षेत्रों में मतदान की रफ्तार तेज है जबकि राजधानी रायपुर में धीमा मतदान है। यहां सुबह 10 बजे तक मात्र 10 प्रतिशत तक ही मतदान हो पाया था। जबकि कांकेर, तुमगांव, छुरिया, भानुप्रतापपुर, अंतागढ़ में 20 से 30 प्रतिशत मतदान हो चुका था।

इधर जगदलपुर के तीन वार्डों में ईवीएम खराब होने से मतदाताओं में नाराजगी है. वहीं विद्याचरण शुक्ल वार्ड क्रमांक 50 के पोलिंग बूथ में वोटिंग मशीन हैंग हो गई है. जगदलपुर के महाराणा प्रताप वार्ड में ईवीएम खराब होने से मतदान रुका हुआ है. वोटिंग करने मतदाता कतार में खड़े हैं और नाराजगी व्यक्त कर रहे. ईवीएम को सुधारने की कोशिश की जा रही है. रवींद्र नाथ टैगोर वार्ड क्रमांक 19 और रमैया वार्ड क्रमांक 17 में भी ईवीएम खराब हो गई है. मतदाता कतार में खड़ी होकर नाराजगी व्यक्त कर रहे. रायपुर के अमलीडीह स्थित शासकीय स्कूल में भी ईवीएम हैंग हो गई है. रायपुर के विद्याचरण शुक्ल वार्ड क्रमांक 50 के पोलिंग बूथ में ईवीएम खराब होने से आधे घंटे से खड़े मतदाता। बता दें कि छत्तीसगढ़ में नगरीय निकाय चुनाव के लिए वोटिंग सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक चलेगी. इस बार नगरीय निकाय चुनाव इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के माध्यम से कराए जा रहे हैं.

इधर रायगढ़ के वार्ड क्रमांक 19 में पैसे बांटने के आरोप पर बीजेपी और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जमकर हंगामा मचाया. वहीं कोरबा में मतदाता सूची को लेकर बीजेपी प्रत्याशी और नोडल अधिकारी के बीच तीखी नोक झोंक हुई. कोरबा निगम में भी उस वक्त का माहौल गरमा गया जब भाजपा प्रत्याशी की नोडल अधिकारी के साथ मतदाता सूची में हुई गड़बड़ी को लेकर बहस हो गई. रायगढ़ नगर निगम के वार्ड नंबर 19 के मतदान केंद्र में भाजपा और कांग्रेस कार्यकर्ता आपस में भीड़ गए. कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा कार्यकर्ताओं पर आरोप लगाया की वह लोगों को पैसे बांट रहे हैं. जिसके बाद तनाव की स्थिति निर्मित हो गई. किसी तरह पुलिस ने बीच बचाव कर मामले को शांत कराया. कांग्रेस का यह भी आरोप है कि बीजेपी के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में पोलिंग बूथ के भीतर घुस आए. जिसके बाद पुलिस ने दोनों ही पार्टी के कार्यकर्ताओं को पोलिंग बूथ से बाहर खदेड़ दिया. कोरबा निगम में भी उस वक्त का माहौल गरमा गया जब भाजपा प्रत्याशी की नोडल अधिकारी के साथ मतदाता सूची में हुई गड़बड़ी को लेकर बहस हो गई. वार्ड नंबर 20 और वार्ड नंबर 19 में कई मतदाताओं के नाम दोनों जगह है. अलग-अलग वार्डों में पुराने सूची के हिसाब से वोट डाले जाने के चलते विवाद की स्थिति निर्मित हो गई.

धमतरी जिले में नगर पालिका क्षेत्र से परे नगर पंचायतों के मतदाता कहीं ज्यादा उत्साह से लबरेज है. आमदी नगर पंचायत में 63.71, भखारा नगर पंचायत में 50.99, मगरलोड नगर पंचायत में 46.69, नगरी नगर पंचायत में 43.93 और कुरूद नगर पंचायत में 43.20 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया है. सुकमा नगर पालिका में 15.49 प्रतिशत तो वहीं दोरनापाल नगर पंचायत में 28.30 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया. सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले में सरिया नगर पंचायत में 47.98, बरमकेला नगर पंचायत में 35.62, सरसींवा नगर पंचायत में 31.70, भटगांव नगर पंचायत में 48.32, पवनी नगर पंचायत में 50.97, बिलाईगढ़ नगर पंचायत में 46.64 प्रतिशत मतदान हुआ है. गरियाबंद जिले में दोपहर 12 बजे तक 41.76 प्रतिशत मतदान के साथ मतदाता लोकतंत्र के प्रति अपना भरोसा जता रहे हैं. गरियाबंद नगर पालिका में 38.69, राजिम नगर पंचायत में 39.90, फिंगेश्वर नगर पंचायत में 37.73, छुरा नगर पंचायत में 44.96, कोपरा नगर पंचायत में 44.86 और देवभोग नगर पंचायत में 34.04 प्रतिशत मतदान हुआ है. राजनांदगांव जिले में 12 बजे की स्थिति में कुल 32.65 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया है. राजनांदगांव नगर निगम में 30.36, डोंगरगढ़ नगर पंचायत में 32.12, डोंगरगांव नगर पंचायत 41.63, छुरिया नगर पंचायत में 62.27 और लाल बहादुर नगर नगर पंचायत में 67.32 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया है.महासमुंद जिले में कुल औसत मतदान 30.72 प्रतिशत हुआ है. महासमुंद नगर पालिका परिषद में 26.09, बागबाहरा नगर पालिका परिषद में 31.57, सरायपाली नगर पालिका परिषद में 30.77 और तुमगांव नगर पंचायत में 48.56, पिथौरा नगर पंचायत में 40.98 प्रतिशत और बसना नगर पंचायत में 33.10 प्रतिशत मतदान हुआ है. कांकेर जिले में नगरीय निकाय चुनाव में दोपहर 12 बजे तक 44.10 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया है. कांकेर नगरपालिका परिषद में 37.0, चारामा नगर पंचायत में 51.8, भानुप्रतापपुर नगर पंचायत में 49, अंतागढ़ नगर पंचायत में 54.9 और पखांजूर नगर पंचायत में 45.8 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया है.

### महापौर प्रत्याशी दीप्ति दुबे और मीनल चौबे ने डाला वोट





रायपुर में कांग्रेस की मेयर प्रत्याशी दीप्ति दुबे ने आनंद समाज वाचनालय मतदान केंद्र में वोटिंग की। बता दें कि रायपुर नगर निगम चुनाव के लिए आज सुबह 8 बजे से वोटिंग जारी है। मेयर के लिए 16 और 70 वार्ड पार्षद के लिए 306 प्रत्याशी चुनावी मैदान में अपना भाग्य आजमा रहे हैं। अहम मुकाबला भाजपा और कांग्रेस के बीच है। भाजपा की मेयर प्रत्याशी मीनल चौबे ने चंगोराभाटा स्थित मतदान केंद्र में वोट डाला। वहीं कांग्रेस प्रत्याशी दीप्ति दुबे ने भी मतदान किया।

### दोपहर 2 बजे तक 40 प्रतिशत मतदान

### दुर्ग में भाजपा कार्यकर्ता आपस में भिड़े

दुर्ग नगर निगम के वार्ड 53 में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओ के द्वारा लगाए गए पंडाल को भाजपा नेताओं ने ही हटवा दिया. जिसके बाद वहां विवाद की स्थिति निर्मित हो गई. बीजेपी के कार्यकर्ता आपस में ही भिड़ गए. बता दें कि मतदाता पर्ची वितरण करने के लिए लगाए गए पंडाल को हटाने को लेकर वार्ड के ही भाजपा नेताओं के बीच आपस में विवाद हुआ था.

### कई मतदान केन्द्रों में ईवीएम खराब

इस बीच रायपुर, बिलासपुर, राजनांदगांव और धमतरी के कुछ मतदान केंद्रों में ईवीएम खराबी की शिकायत मिली है। मशीन खराब होने से लोग वोटिंग नहीं कर पा रहे हैं। पोलिंग बूथ के बाहर वोटर्स की कतार लगी है। रायपुर के मौलाना अब्दुल वार्ड 45 के बूथ क्रमांक 670 के सालेम कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला में ईवीएम खराब होने से वोटिंग शुरू नहीं हो पाई है। भाटागांव स्कूल के मतदान केन्द्र में कई बूथों में मशीन खराब होने की सूचना है। रायपुर के विद्याचरण शुक्ल वार्ड क्रमांक 50 के पोलिंग बूथ में ईवीएम खराब होने से आधे घंटे से मतदाता खड़े रहे। बिलासपुर से हेमू नगर स्थित मतदान केंद्र क्रमांक 8 में ईवीएम खराबी होने से सुबह 8:30 बजे वोटिंग शुरू हुई। राजनांदगांव के लेबर कॉलोनी और प्यारेलाल स्कूल स्थित मतदान केंद्र में भी ईवीएम मशीन खराब होने से वोटिंग प्रभावित हुई है। जगदलपुर में भी पोलिंग बूथ के बाहर वोटर्स की कतार लगी है।

### चरौदा में सबसे ज्यादा मतदान

नगर पालिक निगम दुर्ग-२४.२८ प्रतिशत, नगर पालिक निगम भिलाई-२४.६८ प्रतिशत, नगर पालिक निगम रिसाली-३१.६५, नगर पालिक निगम भिलाई, चरौदा-४६.५० प्रतिशत, नगर पालिका परिषद कुम्हारी, ३४.८८ प्रतिशत, नगर पालिका परिषद अहिवारा-३२.८८ प्रतिशत, नगर पालिका परिषद अमलेश्वर-४०.७०, नगर पंचायत पाटन-४५.३५ प्रतिशत, नगर पंचायत उतई-४०.३४ एवं नगर पंचायत धमधा में ४५.५० प्रतिशत मतदान हुआ। इसमें कुल मतदाताओं की संख्यया ३,३३०२४ है जहां मतदान का औसत २७.९८ प्रतिशत रहा।

### उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने सपरिवार आम लोगों के बीच कतार में खड़े होकर किया मतदान



बिलासपुर में नगरीय निकाय चुनाव के दौरान कुछ तस्वीरें ऐसी भी आ रही है, जो नेताओं की कार्यशैली और सोच को जाहिर करती है. ऐसा ही नजारा बिलासपुर में देखने को मिला, जहां उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने सपरिवार आम लोगों के बीच कतार में खड़े होकर मतदान किया. उप मुख्यमंत्री अरुण साव सुबह-सुबह अपने परिवार के साथ सेंट फ्रांसिस हायर सेकेंडरी स्कूल मतदान केंद्र पहुंचे. बाकायदा आम लोगों के साथ कतार में खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार किया, और बिना किसी ताम-झाम के अपने मताधिकार का प्रयोग किया.

### महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका

छत्तीसगढ़ के नगरीय निकाय चुनाव के लिए मतदान शुरू हो चुका है। इस बार महिला मतदाताओं की निर्णायक भूमिका रहेगी। 14 नगर निगमों में से दस में चुनाव हो रहा है, इसमें से आठ में महिला वोटरों की संख्या पुरुषों से ज्यादा है। नगरीय निकायों में 44,74,269 शहरी मतदाताओं में से 22,00,525 पुरुष, 22,73,232 महिला और 512 अन्य मतदाता हैं। 2019 के निकाय चुनावों की तुलना में इस बार पांच लाख अधिक वोटर मतदाता सूची में जुड़े हैं। पिछले चुनाव में पुरुष मतदाताओं की संख्या महिलाओं से अधिक थी, लेकिन इस बार यह स्थिति उल्टा हो गई है। रायपुर, बिलासपुर, रायगढ़, अंबिकापुर, धमतरी, दुर्ग, राजनांदगांव और जगदलपुर में महिला मतदाताओं की संख्या अधिक है। वहीं कोरबा और चिरमिरी नगर पालिक निगम में पुरुषों की तुलना में महिला मतदाताओं की संख्या कम है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि महिला मतदाताओं की बढ़ती संख्या राजनीतिक समीकरणों को प्रभावित कर सकती है। इस बार के निकाय चुनावों में महिलाओं की भागीदारी एक निर्णायक भूमिका निभा सकती है।

### धमतरी में पोलिंग बूथ पर मतदाता को आया हार्ट अटैक, अस्पताल पहुंचने से पहले मौत

धमतरी में मतदान के दौरान धमतरी के बाजारापारा बूथ पर वोट देने के लिए पहुंचे मतदाता कुंज बिहारी देव को अचानक हार्ट अटैक आ गया। इसके बाद उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया

## ब्रेकिंग न्यूज

### मोदी को देखते ही मैक्रों ने गले लगा लिया



**नई दिल्ली,** 11 फरवरी (न्यूज चैनल)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी फ्रांस की सरजमीं पर उतर चुके हैं। इसके साथ ही इमैनुएल मैक्रों के साथ उनके डिनर की तस्वीर सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही है। लेकिन सबसे ज्यादा चर्चा मोदी-मैक्रों की उस तस्वीर की हो रही है जिसमें पीएम मोदी जैसे ही डिनर के लिए मैक्रों के एलएसी पैलेस में पहुंचे वैसे ही उन्हें लेने के लिए फ्रांस के राष्ट्रपति उन्हें लेने के लिए खुद पहुंचे। जब नरेंद्र मोदी का काफिला एलएसी पैलेस पहुंचा उसके तुरंत बाद इमैनुएल मैक्रों ने प्रधानमंत्री मोदी को देखते ही अपने कदम बढ़ा लिए। जैसे ही वो पीएम मोदी के करीब पहुंचे, वैसे ही उन्होंने जोरदार झप्पी देकर पीएम मोदी का स्वागत किया। गले लगाकर दोनों नेताओं ने अभिवादन दिया।

## महाकुंभ से लौट रहे ट्रैवलर को ट्रक ने मारी टक्कर भीषण सड़क हादसे में 7 की मौत, 3 घायल



**नई दिल्ली,** 11 फरवरी (न्यूज चैनल)। मध्यप्रदेश के जबलुपर जिले में एक ट्रेवलर को ट्रक ने टक्कर मार दी। भीषण सड़क हादसे में सात लोगों की मौत हो गई, जबकि कुछ लोग टक्कर के बाद चकनाचूर हुए ट्रेवलर में फंसे हुए हैं। वे गंभीर रूप से घायल हैं, उसने बचाने का प्रयास किया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार, हादसा जबलपुर से करीब 50 किलोमीटर दूर नागपुर-प्रयागराज नेशनल हाईवे पर सुबह करीब नौ बजे बजे हुआ। सीमेंट से भरा ट्रक जबलपुर से कटनी की ओर जा रहा था, इस दौरान उसने लोगों से भरी ट्रैवलर को टक्कर मार दी। हादसे की सूचना पर कलेक्टर दीपक सक्सेना, एसपी संपत उपाध्याय और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। ग्रामीणों और पुलिस के जवानों ने ट्रैवलर में फंसे लोगों को बाहर निकालने के प्रयास शुरू किए। ट्रैवलर में सवार भी लोग आंधप्रदेश के निवासी बताए जा रहे हैं। यह प्रयागराज महाकुंभ में स्नान करने के लिए आए थे। वहां से वापस घर लौटने के दौरान उनकी ट्रैवलर हादसे का शिकार हो गई।

**दो को निकाला, एक व्यक्ति अब भी ट्रैवलर में फंसा**

पुलिस के अनुसार ट्रैवलर में फंसे दो लोगों को बाहर निकालकर अस्पताल में भर्ती कराया है। जबकि, एक और व्यक्ति बुरी तरह से ट्रैवलर में फंसा हुआ है, जिसे निकालने का प्रयास किया जा रहा है। कलेक्टर दीपक सक्सेना ने बताया मृतकों और घायलों के परिजनों को कॉल कर हादसे की सूचना दे दी गई। गंभीर रूप से घायल लोगों का अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। वहीं, मृतकों के शव अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिए गए हैं। परिजनों के आने के बाद उनका पोस्टमार्टम किया जाएगा।

### लखनऊ में एक ही परिवार के 5 लोगों की मौत, कार के उड़े परखच्चे

**नई दिल्ली,** 11 फरवरी (न्यूज चैनल)। बहराइच में लखनऊ हाईवे पर कोतवाली कैसरगंज इलाके के बेहड़ गांव के पास एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। कार और डंपर के बीच जोरदार भिड़ंत हो गई है। हादसे में सेना के जवान और एक मासूम बच्ची समेत परिवार के 5 लोगों की मौत हो गई, जबकि एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे इलाज के लिए लखनऊ रेफर किया गया है। हादसा इतना भयानक था कि कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि टक्कर के बाद कार के परखच्चे उड़ गए, जिससे अंदर बैठे लोगों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मृतक परिवार बहराइच के मटेरा चौराहा का रहने वाला था और सभी कार सवार दवा लेने लखनऊ जा रहे थे। लेकिन रास्ते में यह भयानक हादसा हो गया, और पूरा परिवार एक झटके में खत्म हो गया। इस भीषण टक्कर के बाद लखनऊ हाईवे पर लंबा जाम लग गया। पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और जेसीबी की मदद से क्षतिग्रस्त वाहनों को हटवाकर यातायात बहाल किया।

## विधायकों में से ही होगा दिल्ली का मुख्यमंत्री महिला सीएम चेहरा को लेकर भी चर्चा तेज

**नई दिल्ली,** 11 फरवरी (न्यूज चैनल)। दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा की शानदार जीत के बाद राष्ट्रीय राजधानी में एक महिला मुख्यमंत्री देखने को मिल सकती है। सूत्रों ने इस बात के संकेत दिए है। पार्टी ने 70 में से 48 सीटें हासिल कर आम आदमी पार्टी (आप) के एक दशक लंबे शासन को समाप्त कर दिया है। फिलहाल शीर्ष पद को लेकर चर्चा और अटकलों का दौर जारी है। सूत्रों ये भी बता रहे हैं कि अगला मुख्यमंत्री नवनिर्वाचित विधायकों में से ही चुना जाएगा। सूत्रों ने बताया कि एक महिला विधायक मुख्यमंत्री के चेहरे के रूप में उभर सकती है। सूत्रों ने कहा कि भगवा पार्टी कम प्रतिनिधित्व वाली पृष्ठभूमि से एक उपमुख्यमंत्री नियुक्त करने पर भी विचार कर रही है, साथ ही कहा कि नए मंत्रिमंडल में महिलाओं और दलितों का मजबूत प्रतिनिधित्व होने की उम्मीद है। भाजपा के विजयी उम्मीदवारों में से चार महिला विधायकों ने महत्वपूर्ण अंतर से अपनी सीटें सुरक्षित कीं।

## मध्यप्रदेश में लाड़ली बहन योजना में मिलेंगे अब 3000 रुपये महीना..!



**नई दिल्ली,** 11 फरवरी (न्यूज चैनल)। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने लाडली बहना योजना के तहत वित्तीय सहायता में वर्तमान 1,250 रुपये से धीरे-धीरे बढ़ाकर तीन हजार रुपये करने की घोषणा की। यह घोषणा सोमवार को देवास जिले के पीपलरवा गांव में एक कार्यक्रम में की गई, जहां 1.27 करोड़ महिला लाभार्थियों के खातों में 1,553 करोड़ रुपये हस्तांतरित किए गए। सभा को संबोधित करते हुए सीएम यादव ने महिलाओं को आश्वस्त किया कि योजना बिना किसी व्यवधान के जारी रहेगी। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा, कांग्रेस देश भर में झूठ फैला रही है, दावा कर रही है कि हमारी सरकार एक या दो महीने के बाद ये भुगतान रोक देगी। लेकिन हम अपने वादों को पूरा करने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।

मोहन यादव ने विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा कि चिंता न करें, हम इस राशि को धीरे-धीरे बढ़ाकर तीन हजार रुपये करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि मौजूदा 1,250 रुपये के लाभ के अलावा, सरकार 74 लाख महिलाओं को 450 रुपये में गैस सिलेंडर दे रही है। उन्होंने लाभार्थियों से यह भी वादा किया कि मौद्रिक लाभ को धीरे-धीरे 3,000 रुपये तक बढ़ाया जाएगा। साथ ही उन्होंने 144.84 करोड़ रुपये की 53 विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया।